कार्यालय प्राचार्य

शा०औ०प्रशि०संस्था लोरमी ,जिला–मुंगेली(छ०ग०)

ई–मेलः itilormi@rediffmail.com

क०/शाऔप्रसंलोमुं/स्था/ मेह.प्रव./2015/ / लोरमी/दिनॉक 24/11/2015

::विज्ञप्ति ::

शा०औ०प्रशि०संस्था लोरमी ,जिला–मुंगेली(छ०ग०) में व्यवसाय कोपा (01 पद) के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु रिक्त पदो के विरुद्व मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप में दिनॉक 15/12/2015 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है । उम्मीदवारो की शैक्षणिक योग्यताएं एवं निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार है ।

मेहमान प्रवक्ता

क्र०	सेवा या पद का नाम	आयु सीमा		शैक्षणिक योग्यता
		न्युनतम	अधिकतम	
1.	कोपा (आई टी आई लोरमी के लिए) (01 पद)	18वर्ष	64 वर्ष	1.मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल या पुराना ग्यारहवीं या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हों। 2.मान्यता प्राप्त विश्वविद्यायल /बोर्ड से कम्प्यूटर सांइस में उपाधि /पत्रोपाधि या बी.बी.ए./पी.जी.डी.सी.ए. या डिपार्टमेंट आफ इलेक्ट्रानिक्स से "ओ" लेवल सर्टिफिकेट या संबंधित व्यवसाय में एन.टी.सी. /एन.ए.सी. या उसके समकक्ष

अंको का निर्धारण एवं चयन प्रकियाः–

1.कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिग असिस्टेट व्यवसाय हेतुः–

आई. टी. आई. (एन. सी. व्ही. टी.)

परीक्षा/डिग्री/डिप्लोमाधारी /एमसीए/बीसीए/पीजीडीसीए/DOEACC से "ओ "लेवल की अंकसूची के प्राप्तांकों का 90 प्रतिशत सी.टी.आई. /ए.टी.आई. परीक्षा के प्राप्तांको का 10 प्रतिशत ।

2. **नियम एवं शतें :–**

1) विभाग में कार्यरत रहे पूर्व संविदा प्रशिक्षण अधिकारी से पद भरे जायेंगें ,पद रिक्त रहने पर अन्य आवेदकों को मेरिट आधार पर लिये जावेगा ।

2) चयनित उम्मीदवारो के पद के विरुद्व यदि शासन द्वारा नियमित/स्थानान्तरित /संविदा नियुक्ति की जाती है तो मेहमान प्रवक्ता की यह नियुक्ति स्वमेव समाप्त हो जाएगी ।

3) रिक्त पदो की संख्या में आवश्यकता अनुसार कमी या बढ़ोत्तरी अथवा समाप्त की जा सकती है ।

4) आवेदक की आयु 01/08/2015 को 18 वर्ष से कम तथा 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5) आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है ।

6) छ०ग० राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है ।

7) शा०औ०प्रशि०संस्था लोरमी ,जिला–मुंगेली हेतु आवेदन शुल्क रु. 20/– का रेखांकित पोस्टल आर्डर प्राचार्य , शा०औ०प्रशि०संस्था लोरमी ,जिला–मुंगेली को देय संलग्न करना है ।

8) वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की स्वयं द्वारा सत्यापित छायाप्रतियो सहित आवेदन निर्धारित प्रारुप में दिनॉक 15/12/2015 सायं 05:00 बजे तक अथवा इसके पूर्व पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं उपस्थित होकर संबंधित संस्था में जमा किया जा सकता है ।

9) अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिए जाएगें तथा इस संबंध में उम्मीदवारो को सूचना नहीं दी जाएगी ।

10) चयन मेरिट आधार पर होगा ,चयन सूची संस्था के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी । दूरभाष आदि द्वारा सूचना के आधार पर आमंत्रण स्वीकारते हुए प्रशिक्षण कार्य संपन्न कराना होगा ।

11) संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण छ०ग०रायपुर के निर्देशानुसार पढ़ाने /प्रशिक्षण देने हेतु प्रति घंटा 100/– की दर से अधिकतम पांच घंटा प्रति कार्य दिवस अथवा अधिकतम 10,000/–(दस हजार रू. मात्र) प्रतिमाह मानदेय का प्रावधान है ।

12) मेहमान प्रवक्ताओं की मुख्य सूची एवं प्रतीक्षा सूची प्रदर्शित हो जाने के दिनॉक से 15 दिवस तक मुख्य सूची के उम्मीदवार को कार्य पर उपस्थित होने का अवसर रहेगा । उसके बाद 15 दिवस तक प्रतीक्षा सूची के सरल क्रमांक 01 अवसर दिया जाएगा तथा दिवस इसी क्रम से प्रतीक्षा सूची के अन्य आवेदको को अवसर दिया जाएगा ।

प्राचार्य
शा०औ०प्रशि०संस्था
लोरमी ,जिला–मुंगेली(छ०ग०)

पृ.क्र०/शाऔप्रसंलोमुं/स्था/ मेह.प्रव./2015/ 229 / लोरमी/दिनॉक 24/11/2015

प्रतिलिपिः–

1. संयुक्त संचालक ,क्षेत्रीय कार्यालय,औप्रसंस्थायें,बिलासपुर को सादर सूचनार्थ ।
2. नोडल अधिकारी आऔप्रसं,कोनी ,जिला बिलासपुर को सूचनार्थ ।
3. संस्था के सूचना पटल पर चस्पा हेतु ।

प्राचार्य
शा०औ०प्रशि०संस्था
लोरमी ,जिला–मुंगेली(छ०ग०)